भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 116

उत्तर देने की तारीख 01 दिसंबर, 2025

सोमवार, 10 अग्रहायण, 1947 (शक)

आंध्र प्रदेश में प्रधान मंत्री कौशल केंद्रों की स्थापना

116. डॉ. सी. एम. रमेशः

क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या आंध्र प्रदेश में 23 प्रधान मंत्री कौशल केंद्र (पीएमकेके) स्थापित किए गए हैं;

(ख) क्या आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले में कोई पीएमकेके नहीं है;

(ग) क्या सरकार का उक्त जिले में बेरोजगार युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान करने हेतु प्रधान मंत्री कौशल केंद्र स्थापित करने का विचार है; और

(घ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) जी हां।

(ख) आंध्र प्रदेश को आवंटित सभी पीएमकेके नए जिले अनकापल्ली के गठन से पहले, वर्ष 2016-2018 के दौरान स्वीकृत किए गए थे। पूर्ववर्ती विशाखापत्तनम जिले के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत अनकापल्ली संसदीय क्षेत्र में एक पीएमकेके पहले ही आवंटित और स्थापित किया जा चुका है।

(ग) और (घ) वर्तमान में, अनकापल्ली जिले में पीएमकेके स्थापित करने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

******